तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 26 अगस्त 2024

12 विद्यार्थियों ने पौधों को बांधी राखी



11 शासकीय विद्यालय दुपचेरा में लगा नेत्र जांच





## खबर संक्षेप

### सदस्यता अभियान के लिए भाजपा की कार्यशाला कल से

**गुरूर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान के अंतर्गत 27, 28 व 29 अगस्त को मंडल कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। वहीं, 30 अगस्त को शक्तिकेन्द्र स्तर पर कार्यशाला आयोजित की जाएगी। 2 सितंबर को दिल्ली में राष्ट्रीय सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। 3 सितंबर को प्रदेश सदस्यता अभियान का शुभारंभ होगा। 4 सितंबर को जिला सदस्यता अभियान का शुभारंभ होगा, 5 सितंबर को जिला सदस्यता अभियान का शुभारंभ होगा, 6 से 17 सितंबर तक बूथ सदस्यता अभियान चलेगा व 19 से 25 सितंबर तक सामूहिक सदस्यता अभियान चलेगा। प्रदेश सदस्यता टीम में संयोजक अनुराग सिंह देव, रूपकुमारी चौधरी, श्रीनिवास राव मद्दी, विकास मरकाम, डॉ नवीन मारकंडेय है।

### डुमरटोला में रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता आज

**डौण्डीलोहारा।** ब्लॉक के वनांचल ग्राम डुमरटोला (मंगचुवा) में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में जय श्री कृष्णा युवा आयोजन समिति डुमरटोला द्वारा सोमवार 26 अगस्त को रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता रखा गया है। प्रतियोगिता में सामूहिक नृत्य का प्रवेश शुल्क 201 रूपए रखा गया है। इसके साथ बताया गया है कि प्रथम पुरस्कार 5001 रूपए एवं द्वितीय पुरस्कार 4001 तथा तृतीय पुरस्कार 3001 रूपए रखा गया है। इसी तरह युगल नृत्य का प्रवेश शुल्क 151 रूपए, प्रथम 3001, द्वितीय पुरस्कार 2501 व तृतीय पुरस्कार 2001 रुपये पुरस्कार दिया जाएगा। इसी तरह एकल नृत्य का प्रवेश शुल्क 101 और प्रथम पुरस्कार 2001, द्वितीय 1501 तथा तृतीय पुरस्कार 1001 रुपये रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोविन्द चन्द्राकर विधायक प्रतिनिधि डौण्डी लोहारा होंगे, अध्यक्षता हेमकुमार रावटे जनपद सदस्य करेंगे। विशेषअतिथि पुष्पा मंडावी जनपद सदस्य तथा समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूनमचंद जैन पूर्व सरपंच, अध्यक्षता बी एस ध्रुव से नि लोक निर्माण विभाग सहायक ग्रेड एवं अशोक कुमार सहारे ग्राम पटेल होंगे।

### भिलाई-तीन में युवकों के बीच विवाद, आधी रात चक्काजाम



**भिलाई।** सामान्य सड़क हादसे को लेकर दो युवकों के बीच जमकर विवाद हुआ। विवाद के बाद लोगों ने सड़क पर चक्का जाम करने लगे। इसके कारण भिलाई तीन थाना परिसर देर रात भर छावनी में बदल गया। मामले में पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर माहौल शांत कराया है। मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार रात 11.3 बजे भिलाई तीन में राम मंदिर के पास सामान्य सड़क हादसा हो गया। सड़क पर ट्रक खड़ा हो गया। इससे कारण जाम लगने पर जिम का संचालन करने वाले एकता नगर निवासी युवक पुष्पराज सिंह राजपूत ट्रक ड्राइवर से बात कर रहा था। तभी वहां पर शकील नामक युवक नशे की हालत में पहुचा और पुष्पराज से विवाद करने लगा। दोनों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। दोनों युवकों ने अपने साथियों को कॉल कर बुलाया। इधर शकील के समर्थन में आरिफ, असरफ युवक पहुचा। पुष्पराज सिंह राजपूत से मारपीट करने लगे। जिसके बाद से सड़क पर चक्का जाम भी कर दिया। खबर मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने दोनों पक्षों को थाने में बिठाकर समझाइश देते हुए माहौल को शांत कराया। पुष्पराज सिंह राजपूत की शिकायत पर शकील, आरिफ, असरफ के खिलाफ अपराध कायम किया गया। खबर लिखे जाने तक गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

## दीवारों को लांघने बेताब हो रहीं तांदुला की लहरें





*बालोद। तांदुला जलाशय से पानी छोड़ने के बावजूद तांदुला डेम की लहरें डेम की दीवारों को लांघने बेताब हो रही हैं। तेज हवा में लहरों से पानी ओवरफ्लो हो रहा है। तेज हवाओं के साथ लहरों में पानी छलकने से जलाशय का नजारा रमणीय हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की स्थिति में तांदुला जलाशय में करीब 90 प्रतिशत जलभराव हो चुका है। वहीं, जिले के खरखरा जलाशय में 100 प्रतिशत तथा मटिया मोती जलाशय में 99.24 प्रतिशत जलभराव की स्थिति है। सबसे कम जलभराव जिले के गोंदली जलाशय में 52.21 प्रतिशत है। अगर आगामी दिनों में बारिश हुई तो तांदुला ओवरफ्लो होना तय है।*

**परेशानी :** जिले के लगभग 40 हजार मजदूरों के 20 करोड़ रुपए अटके

## मनरेगा मजदूरों को 4-5 माह से नहीं मिली मजदूरी, त्योहार पर हाथ फैलाने की मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के हजारों मनरेगा मजदूरों की करोड़ों रुपए की राशि का भुगतान नहीं हो पाया है। ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित मनरेगा के तहत कई कार्यों में मजदूरी करने वाले हजारों मजदूरों को बीते करीब 4–5 माह से उनकी मेहनत की कमाई का फल नहीं मिल पाया है। इधर वर्तमान में लगातार त्यौहारों का सिलसिला शुरू होने के कारण मजदूरों की चिंता बढ़ गई है।

जानकारी के अनुसार जिले के करीब 40 हजार से अधिक मनरेगा मजदूरों के लगभग 20 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान नहीं हो पाया है। शासन स्तर पर ही राशि का भुगतान नहीं होना बताया जा रहा है। इधर ग्रामीणों को राशि नहीं मिलने से त्यौहार के मद्देनजर वे काफी चिंतित हैं, क्योंकि त्यौहारों में कई तरह के खर्चे होने हैं। ऐसे में मनरेगा मजदूरों की नजर में परंपरागत त्यौहार फीका पड़ने लगा है। जिले के कई अलग-अलग गांव के मजदूरों ने मनरेगा मजदूरी की राशि नहीं मिलने के कारण वर्तमान में हो रही दिक्कतों को लेकर शिकायत की। वहीं, बहुत जल्द कलेक्टर को भी ज्ञापन सौंप कर राशि भुगतान कराने की मांग करने की बात कही गई है।



फाइल फोटो

### त्योहारी सीजन शुरू, तीजा-पोला पर्व रहेगा फीका

कुछ ग्रामीणों ने बताया कि आगामी दिनों में त्यौहार हैं और मनरेगा योजना में काम करने के बाद से उसकी राशि का भुगतान नहीं हुआ है। ऐसे में त्यौहार मनाने के लिए रुपयों का बंदोबस्त करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण विजय साहू, अरुण साहू, केशव राम, संजय, मुकेश साहू, हुमन यादव ने बताया कि मनरेगा की राशि नहीं मिलने से परेशानी बढ़ गई है। सरपंच से लेकर रोजगार सहायक व अन्य सम्बंधित अधिकारियों से बात कर रहे हैं, लेकिन ठोस जवाब नहीं मिल पा रहा है। मजदूरों ने कहा कि त्यौहार के समय मेहनत की राशि हाथ रहेगी, तो त्यौहार ठीक से मना पाएंगे वरना त्यौहार फीका ही रहेगा।

### शासन स्तर पर रुकी है राशि : डॉ कन्नौजे

इस मामले में जिला पंचायत सीईओ संजय कन्नौजे ने कहा कि पूरे प्रदेश के मनरेगा मजदूरों की राशि का भुगतान रुका है। इस मामले में शासन से कांफ्रेंस पर बात हुई है। 15 जून के बाद काम बंद हो जाता है। उससे पहले काम किए करीबन 40 हजार मजदूरों के लगभग 20 करोड़ के आस पास राशि रुकी हुई है।

## कीचड़ से सराबोर हैं परसाही की गलियां





हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

बालोद ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत बोरी के आश्रित ग्राम परसाही के वार्ड क्रमांक 10 की गलियों की सूरत पिछले 38 सालों से नहीं बदली है। ग्रामीण हरिराम साहू ग्रामीण अध्यक्ष सोहन साहू लखन लाल साहू समारु निषाद खेदु निसाद खिलावान साहू बालमुकुंद लीलेश्वर साहू साहू ठगिया बाईसाहू गीता बाई साहू टिकेश्वरी साहू तुलसी साहू कोटवार ने बताया कि इस वार्ड में आज तक सीमेंटकरण नहीं हुआ है।

इसके कारण बारिश के दिनों में इस वार्ड में साइकिल, मोटर साइकिल निकलना मुश्किल हो जाता है। इस गली के सीमेंटीकरण के लिए सरपंच, ग्राम सुराज, जनपद सदस्य से लेकर कलेक्टर जनदर्शन और विधायक-सांसद को भी आवेदन दे चुके हैं, मगर इस वार्ड की गलियां आज तक पक्की नहीं हो सकीं। उन्होंने बताया कि बारिश के दिनों में गलियां कीचड़ से सराबोर रहती हैं।



### सरपंच की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

ग्राम परसाही के ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच ने अभी तक अपना वादा पूरा नहीं किया है। इसके कारण उनके प्रति नाराजगी है। चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे करते थे, लेकिन जीतने के बाद सारे वादों की हवा निकल गई। उन्होंने कहा कि सरपंच के कार्यकाल के साढ़े 4 साल हो गए, ग्राम में कार्य नहीं के बराबर कराया गया है। वहीं, नाली की सफाई पिछले 2 सालों से नहीं हुई है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से गलियों के सीमेंटीकरण की मांग की है। उन्होंने कहा कि हाल ही में जनपद सीईओ ने 15 अगस्त पर बोरी पंचायत को उत्कृष्ट पंचायत का सम्मान दिया था, लेकिन उत्कृष्ट पंचायत का नाम सिर्फ कागजों पर ही है, यहाँ जमीनी हकीकत कुछ और ही ह।

## शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

### श्री कृष्ण जन्माष्टमी आज, शांति समिति की बैठक में अधिकारियों ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आज जिले भर में श्री कृष्णजन्माष्टमी उत्सव मनाया जाएगा। रविवार को सार्वजनिक स्थानों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने वाले व घरों में पूजा अर्चना करने वाले लोगों ने जमकर खरीदारी की।

जिला मुख्यालय में आज सोमवार व कल मंगलवार दोनों ही दिन अलग अलग जगहों में दही हांडी फोड़ का आयोजन होगा। वहीं कृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर रविवार को कोतवाली थाना में शांति समिति की बैठक ली गई। जिसमें डिप्टी कलेक्टर प्रतिभा झा ठाकरे, एसडीओपी देवांश सिंह राठौर, तहसीलदार दीपिका देहारी, थाना प्रभारी रविशंकर पांडेय, नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा,



चेंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष राजू भाई पटेल सहित शहर के कई वरिष्ठजन मौजूद रहे। पुलिस अनुविभागीय अधिकारी देवांश राठौर ने कहा कि जिन जगहों पर दही हांडी फोड़ कार्यक्रम आयोजित होगा, वहां किसी प्रकार की अशांति फैलाने वालों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाएगी। ऐसा कोई स्थिति पैदा न हो जिससे शहर की शांति व्यवस्था भंग हो या माहौल खराब हो। ऐसा करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि रात 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर या डीजे नहीं बजना चाहिए और नियमों को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम आयोजित करें। उन्होंने कहा कि दही हांडी फोड़ कार्यक्रम में दही हांडी को अधिक ऊंचाई पर न बांधें, इससे कोई गंभीर दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है।

### किसी भी धर्म को लेकर विवाद पोस्ट न करें : देवांश सिंह

बीते दो दिनों से समुदाय पर विवादित पोस्ट सोशल मीडिया में वायरल कर दिए जिसे लेकर दोनों पक्षों में आक्रोश देखने को मिला। हालांकि मामले में दोनों पक्षों को माफीनामा कर मामले को शांत कराया गया। इस पूरे मामले को लेकर एसडीओपी देवांश सिंह राठौर ने कहा कि कोई भी व्यक्ति चाहे किसी भी धर्म का हो, वे किसी भी धर्म को लेकर विवादित पोस्ट न करें। ऐसा करने पर अगर बात थाना तक पहुंचेगी तो चाहे कोई भी समुदाय के हों कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## विवादित टिप्पणी से आक्रोश, थाने पहुंचे हिंदू संगठन के लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया व्हाट्सएप के एक ग्रुप में गंगा मैया की तुलना गंदा पानी से कर दिया था। उसके बाद माहौल बिगड़ने लगा और बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद सहित अन्य हिन्दू संगठन के युवाओं ने बालोद थाना पहुंचकर शिकायत की।

- आरोपी युवक के माफी मांगने पर शांत हुआ मामला

इस दौरान बालोद पुलिस ने आक्रोशित युवाओं को समझाया, वहीं जिस युवक ने गंगा मैया की तुलना गंदे पानी से की थी उसे माफी मंगवाई। जानकारी के अनुसार दो दिनों पहले भारी बारिश के कारण नगर के बस स्टैंड में जलभराव हो गया था और नाली का गंदा पानी बारिश के पानी के साथ बस स्टैंड में




जाम हो गया था। इसे लेकर एक युवक ने व्हाट्सएप ग्रुप में गंगा मैया की तुलना गंदा पानी से कर दी। उसके बाद हिन्दू समुदाय के कई संगठनों के लोगों ने कोतवाली पहुंचकर कार्रवाई की मांग की। हालांकि कुछ देर बाद आरोपी युवक द्वारा माफी मांगने के बाद मामला शांत हो गया। वहीं, पुलिस ने लोगों से किसी भी समुदाय को लेकर विवादित टिप्पणी नहीं करने की अपील की। मामले में एसडीओपी देवांश सिंह राठौर ने कहा कि दोनों समुदायों से सोशल मीडिया में विवादित पोस्ट डाला गया था। इसे लेकर थाने में शिकायत की गई थी। दोनों पक्षों से शहर की शांति व्यवस्था बनाये रखने की बात करते हुए माफीनामा कर मामले को शांत किया गया। दोबारा इस तरह से किसी भी समुदाय पर विवादित पोस्ट अगर कोई करता है, और मामला थाना तक पहुंचेगा तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनायकपुर में किया गया आयोजन**

## राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर हुईं विविध प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनायकपुर में चंद्रयान-3 मिशन की सफलता का पर्व राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का आयोजन शुक्रवार को किया गया।

- चंद्रयान-3 मिशन की सफलता की स्मृति में मनाया गया पर्व

इस आयोजन को सफल बनाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी ने निर्देश दिये शालाओं में बच्चों द्वारा कार्यक्रम करवाए जिससे उन्हे अंतरिक्ष के बारे में जानकारी हो सके। इनके निर्देश को ध्यान में रखते हुए शाला के प्राचार्य मंजीत सिंह राजपूत के निर्देश में प्रेमलता योगी देवांगन ने प्रतियोगिता का आयोजन किया। शाला के बच्चों के लिये चंद्रयान-3 मिशन पर




चित्रकला,निबन्ध रंगोली व मॉडल प्रतियोगिता रखा गया था जिसमें 9वी से 12वीं कक्षाओं के छात्रों ने भाग लिया। भारत सरकार ने चंद्रयान-3 मिशन की सफलता को पर्व के रूप में मानने हर वर्ष 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाए जाने की घोषणा की है। चंद्रयान-3 चांद पर खोजबीन करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो द्वारा भेजा गया तीसरा भारतीय चंद्र मिशन है। इसमें चंद्रयान-2 के समान एक लैडर और एक रोवर है लेकिन इसमे आर्बिटर नही है। यह मिशन चंद्रयान-2 की अगली कड़ी है, क्योंकि पिछला मिशन सफलतापूर्वक चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश करने के बाद अंतिम समय में मार्गदर्शक सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी के कारण उतरने की नियंत्रित प्रक्रिया में विफल हो गया था, सॉफ्ट लैंडिंग का पुनः सफल प्रयास करने हेतु इस नए चंद्र परियोजना को प्रस्तावित किया गया था। इसअवसर पर शाला के शिक्षक भातेंद्र गंगराले, सरस्वती उमरे,रोहित देशमुख,देवश्री साहू,शैलेन्द्र साहू,मालती साहू,पूर्णिमा कोशले,ममता तिवारी उषा ठाकुर,लीना जोशी,मीनाक्षी नेताम,गुलशन चंद्राकर,संकुल समन्वयक किशोर दिल्लीवार, दीपमाला यादव,तरुण साहू एवं सभी विद्यार्थियों उपस्थित रहे साथ में बच्चों ने प्रोजेक्टर के द्वारा अंतरिक्ष के बारे में जाना और समझा।

### राजस्व वसूली को लेकर आयुक्त ने ली समीक्षा बैठक

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा आयुक्त डीएस राजपुत ने राजस्व विभाग की समीक्षा किया। कर्मियों से जुलाई माह में कम हुए राजस्व वसुली का कारण पूछा। राजस्व वसूली के कार्य में लगे सभी सहायक राजस्व निरीक्षकों से वार्डवार वसुली पर भी बैठक में चर्चा की गई। 40 वार्डो में लिये जाने वाले संपत्तीकर, समेकितकर, जलकर, भू भाटक शिक्षा उपकर के बारे में वार्ड प्रभारी कर्मचारियों के द्वारा जानकारी दी गई। बैठक में माह जुलाई में कम राजस्व वसूली के कारण निगम की आर्थिक स्थिति पर पड रहे प्रतिकूल प्रभाव से निपटने को लेकर भी चर्चा की गई। गौरतलब है कि निगम स्वायत्तशसी संस्था होने के कारण कर्मचारियों का वेतन, वाहनो का ईंधन सहित अन्य दैनिक खर्च का संपूर्ण भार राजस्व वूसली से मिलने वाले राशि पर निर्भर होता है।

हरिभूमि

पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### शिविर में 60 यूनिट रक्त का हुआ कलेक्शन

**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर आईसीआईसीआई फाउंडेशन सेक्टर 6 भिलाई में सम्पन्न हुआ। शिविर में फाउंडेशन के हेड असफाक अहमद, तपन मिस्त्री, नाजिया नसरीन और छात्र छात्राओं का सहयोग रहा। इस मौके पर 63 यूनिट रक्त प्राप्त हुआ। इस रक्तदान शिविर में दुर्ग सीएमएचओ डॉ मनोज दानीए दुर्ग सीएस डॉ हेमंत साहू, डॉ प्रवीण अग्रवाल, डॉ तुषार चंद्रा सहित जीवन दीप समिति के सदस्य दिलीप ठाकुर की उल्लेखनीय भूमिका रही।

### विधायक निधि से शेड बनाने की मांग



**दुर्ग।** विधायक से मिलकर तहसील कार्यालय में टिन शेड को हटाकर छत निर्माण, चैनल गेट भवन निर्माण के लिए आवेदन दिया गया। संतोष कोसरे स्टांप विक्रेता, शकील खान अधिवक्ता, रमन लाल देवांगन, योगेश्वर देशमुख, शेषनारायण वैष्णव, संदीप राजपूत, मुकेश सिंह राजपूत सहित विधायक निधि से टिन सेट की जगह पक्का निर्माण के लिए भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपए देने की मांग पत्र विधायक गजेंद्र यादव को सौंपा गया।

### 26 को बंद रहेंगी मांस बिक्री की दुकानें

**दुर्ग।** शासन के आदेश के परिपालन में आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्रांतर्गत संचालित समस्त वधशालाओं एवं मांस विक्रय की दुकानों को 26 अगस्त को पूर्ण रूप से बंद रखा जाएगा। इन तिथियों में किसी प्रकार का पशुवध नहीं होगा और न ही मांस का विक्रय होगा। निगम द्वारा 26 अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी के विशिष्ट अवसर पर पशु वधगृहों व मांस विक्रय की दुकानों को पूर्ण रूप से बंद रखने तथा किसी भी प्रकार का पशुवध न करने और न ही मांस का विक्रय करेंगे। जिसके लिए निर्देश समस्त पशु वधगृह संचालकों व संबंधित दुकानदारों को कहा गया है। उक्त तिथियों में यदि किसी भी दुकान में मांस का विक्रय किया जाता है तो मांस जप्त कर संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### ऑपरेटरों को दिया आधार से जुड़े वित्तीय लेनदेन का प्रशिक्षण

**रायपुर।** हैदराबाद से आई यूआईडीएआई की टीम ने आधार ऑपरेटरों को आधार से जुड़े वित्तीय लेनदेन के संबंध में प्रशिक्षण दिया। इसके लिए शुक्रवार को कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सोसायटी हॉल में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला रखी गई थी। इस कार्यक्रम में यूआईडीएआई क्षेत्रीय कार्यालय के सहायक प्रबंधक सनी सिंह एवं सौरभ रामटेके के द्वारा आधार ऑपरेटरों को आधार से जुड़े वित्तीय लेनदेन के संबंध में बारिकी से प्रशिक्षण दिया गया।

# पार्टी का हर कार्यकर्ता सदस्यता अभियान को पर्व की तरह मनाएं

## भाजपा के देशव्यापी सदस्यता अभियान को लेकर जिलाध्यक्ष पवन ने किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

भारतीय जनता पार्टी के देशव्यापी सदस्यता अभियान के परिप्रेक्ष्य में भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि पिछली सदस्यता समाप्त हो गई है। अब फिर से सभी को सदस्य बनाकर भारत को विकसित देश बनने की यात्रा में सहभागी बनाना है। जनसंघ का गठन जिस भाव से हुआ वह सभी के बीच पहुंचे।

भाजपा कार्यकर्ताओं की तपस्या और त्याग के बल पर ही सबसे बड़ी पार्टी बनी है। हमने कभी विचारधारा के साथ कोई समझौता नहीं किया। एक पर्व की तरह हम इस सदस्यता अभियान को मनाएं। उन्होंने बताया कि पार्टी की सदस्यता ऑनलाइन इस बार भी होगी। उन्होंने कहा कि जिन सदस्यों के पास स्मार्ट फोन नहीं है, वे मिस्ड कॉल करेंगे। इसके बाद उनके पास लिंक आएगा जिसे अन्य सदस्य के स्मार्ट फोन पर भेजकर सदस्यता ले सकेंगे। सदस्यता अभियान के लिए 31 अगस्त तक बूथ स्तर पर बैठकें होंगी। सदस्यता के विभिन्न चरणों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सदस्यता विस्तारक अब सदस्यता सहयोगी होंगे। सभी बूथों पर प्रदेश पदाधिकारी से लेकर बुथ के कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधियों सभी को लक्ष्य दिए गए है और सभी बूथ स्तर तक जाएंगे। इसके बाद सक्रिय सदस्यता के लिए काम होगा। राकेश यादव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता भारत को विश्वगुरु बनने की यात्रा में भाजपा का सदस्य बनाकर सहभागी बनेंगे समाज के सभी वर्गों तक पहुचेंगे, जहां कमजोर हैं वहां विशेष ध्यान देंगे। सदस्यता अभियान के जिला संयोजक, जिला महामंत्री राकेश(छोटु) यादव ने कहा कि सभी समाज व सभी वर्गों का समर्थन हासिल करेंगे।



### 1 सितंबर से 31 अक्टूबर तक लक्ष्य

सभी कार्यकर्ता 1 सितंबर से 31 अक्टूबर तक अपने लक्ष्य को अर्जित करेंगे। इस बार के सदस्यता अभियान में एकदम सटीक डाटा मिले, इसके लिए बूथ स्तर तक प्रवास करके सदस्यता अभियान को पूर्ण करेंगे। सभी लोगों को 50 सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया। कागजी और ऑनलाइन सदस्यता का अपडेट केन्द्र तक जाएगा, इसलिए सदस्यता फार्म और ऑनलाइन डाटा अपडेट होगा। विषय की सुगम जानकारी के लिए जिला, मंडल, शक्ति केन्द्र ब बुथ स्तर पर भी कार्यशाला होगी।

### 2014 में बनाए गए थे 22 लाख सदस्य

श्री यादव ने बताया कि वर्ष 2014 में सदस्यता अभियान में 22 लाख सदस्य से अधिक सदस्य बनाए गए और 2019 में 9 लाख सदस्य बनाए गए थे। कुल 31.40 लाख सदस्यों को पुनः सदस्यता दिलाई। द्वितीय चरण में व्यावसायिक, शैक्षिक आदि सार्वजनिक संस्थानों और कमजोर क्षेत्रों में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। तीसरे चरण में सक्रिय सदस्य बनाएं जाएंगे।

## लापरवाही : विभाग ने सड़क बनाई, लेकिन नहीं लगाए स्ट्रीट पोल

# पुलगांव से अंडा तक अंधकार, करोड़ों की सड़क बनाई नहीं लगाई लाइटें


हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

पुलगांव से अंडा तक करीब दस किमी की सडक में अंधेरा पसरा है। यहां सडक चौडीकरण के दौरान पुराने बिजली के खंबों को हटा दिया गया। लेकिन पीडब्ल्यूडी की कार्यप्रणाली ऐसी रही कि, करोडों की सडक बन तो गई। मगर यहां शाम होते ही अंधेरा छा जा रहा है। सडक पर मवेशी और अंधेरे से कभी भी बडी दुर्घटना घट सकता है। पीडब्ल्यूडी के विद्युत यांत्रिकीय विभाग का कहना हैं कि, विधानसभा चुनाव से पहले प्रस्ताव भेजा गया है। लेकिन राज्य शासन से प्रशाक्रिय स्वीकृति नही मिलने का खामियाजा आम जनता को भुगतान पड रहा है।

पुलगांव मिनीमाता चौक से दस किमी अंडा तक सडक चौडीकरण किया गया है। इसके लिए करोडों रूपए खर्च किए गए। सडक निर्माण के दौरान पुराने खंबों को हटा दिया गया। जब से ही सडक में अंधेरा पसरा हुआ है। लोगों को इस बात की उम्मीद थी कि सडक चौडीकरण होने के बाद उन्हें चमचमाती लाइटों की सौगात मिलेगी। लेकिन शायद पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी सडक के प्रस्ताव के दौरान लाइट का प्रस्ताव बनाना भुल गए थे। हांलाकि विद्युत यांत्रिकीय के अफसरों ने बताया कि, विधानसभा चुनाव के पहले राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। बजट में प्रावधान भी है। लेकिन शायद सत्ता बदलने के बाद विभाग के अधिकारी भी स्वीकृति मिलने के इंतजार में हैं।

### रायपुर में फाइल अटकने से दुर्ग में छाया अंधेरा





### सौ करोड़ सड़क में खर्च, खंबे तक नहीं लगे

जानकारी अनुसार पुलगांव से अंडा तक करीब सौ करोड 34 लाख रूपए खर्च कर चौडीकरण कार्य किया गया है। जानकारों की माने तो सडक और लाइट का कार्य एक साथ होने चाहिए। लेकिन पीडब्ल्यूडी ने सडक पहले बनाई, लेकिन अभी तक लाइट की स्वीकृति नही मिली है। जानकारी अनुसार पुलगांव से अंडा तक स्ट्रीट लाइट व खंडा, केबल लगाने तीन करोडा का प्रस्ताव भेजा है। नतीजतक विभाग के पास इंतजार के शिवा कुछ नही हैं। सडक बनने के बाद एक भी खंडे नही होने से लोगों में यह चर्चा है कि, बिजली लगेगी या नहीं।

### शहर में होने वाले करोड़ों के कार्य अटके

विद्युत यांत्रिकी विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार पुलगांव और अंडा के आलावा दुर्ग शहर में अग्रसेन चौक से सिकोला ओव्हरब्रिज तक लाइट लगनी हैं। इसके आलावा पाटन रोड में उतई तक लाइटे लगाने का प्रस्ताव शासन के पास पेंडिंग है। यहां मैत्रीबाग तक लाइट लगी है। लेकिन ब्रिज के आगे लाइट लगने का काम बाकी है। इसके आलावा अंडा से होकर जाने वाले चंदखुरी मार्ग में भी लाइट लगनी है। इन सभी इलाको के लिए राज्य शासन को विभाग द्वारा प्रस्ताव भेज दिया गया है। लेकिन स्वीकृति नही मिलने से लोगों को अंधेरे का सामना करना पड रहा है।

### रात होते ही सफर करना बड़ी चुनौती

पुलगांव से अंडा तक सडक चौडीकरण के बाद बिजली की सुविधा नही मिलने से लोगों को रात में सफर करना चुनौती से भरा लगता हैं। वर्तमान में यह सडक के बीचो बीच मवेशी भी बैठी रहती है। ऐसे में दोपहिया व चार पहिया वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे है। सडक बनने के बाद पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा रेडीयम आदि संकेतक भी नही लगाए गए है। इधर पुलगांव से दुर्ग अंजोरा बाईपास तक आय दिन स्ट्रीट लाइटे बंद रहती है।

### प्रस्ताव भेजे गए

पुलगांव से अंडा मार्ग के लिए विधानसभा के पहले ही स्ट्रीट लाइट लगाने का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा गया है। स्वीकृति मिलने ही आगे की प्रक्रिया पूरी कर लाइट लगाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।
**-संध्या बंजारे,** एसडीओ, विद्युत यांत्रिकी विभाग

# माहुद में अवैध प्रार्थना सभा का युवाओं ने किया विरोध



हरिभूमि न्यूज. बालोद/अर्जुन्दा

क्षेत्र में ईसाई मिशनरी की सक्रियता को लेकर लगातार आक्रोश बढ़ता जा रहा है। विगत 14 जुलाई को अर्जुंदा थाना अंतर्गत माहुद ग्राम में अवैध रूप से प्रार्थना सभा को लेकर भाजपा महामंत्री विश्वास जीतू गुप्ता अपने साथियों और स्थानीय पुलिस की टीम को लेकर विरोध दर्ज कराया था।

पुलिस समझाइश के बाद कुछ दिनों तक उक्त स्थान पर अवैध प्रार्थना सभा बंद थी। लेकिन इस रविवार को फिर अवैध प्रार्थना की जानकारी मिली। इस पर भाजपा कार्यकर्ता विवदित निवास स्थान पहुंचे, जहां फिर से उस द्वारा हिंदू समाज की आस्था को चोट पहुंचाने का कार्य किया जा रहा था। हालांकि लोगों के पहुंचने की भनक लगते ही उसने घर में इकट्ठे लोगों को वहां से भगा दिया। जब तक भाजपाई वहां पहुंचते तब तक लगभग सभी लोग वहां से जा चुके थे। फिर भी उससे सवाल करने पर वो गोलमोल जवाब देता रहा और फिर माफी मांगते हुए कहने लगा कि अब वह अपने हिन्दू विरोधी कार्यों को बंद कर देगा।

भाजपा महामंत्री विश्वास गुप्ता ने कहा कि अब किसी तरीके से हिंदू और हिंदुत्व पर आंच आई तो हिंदुओं की आस्थाओं के साथ खिलवाड़ करने वालों को बक्शा नहीं जाएगा।

माहुद पहुंचकर अवैध धर्मान्तरण का विरोध करने के दौरान विश्वास जीतू गुप्ता के साथ लिलेश्वर ठाकुर, पंकज चौधरी, विश्वजीत तिवारी, सूर्यकांत गजेंद्र, हरीश साहू, राहुल साहू, मनीष ठाकुर, मितेश यदु, नवीन राजपूत, मयंक साहू, दिवाकर देवांगन, नरेंद्र साहू, आशीष राजपूत सहित दर्जनों युवक उपस्थित थे।

# रात में भी मवेशियों को पकड़ने सड़क पर उतरी ननि की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

■ पशु पालक अपना मवेशी होने से करते हैं इंकार



रात में शहर के मुख्यमार्ग में भी आवारा मवेशियों की धर-पकड़ अभियान शुरू करने हेतु कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा आदेश जारी किया गया था। इसे लेकर आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता के नेतृत्व में आवारा मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाही की गई।

गुरुवार की रात करीब दो दर्जन से अधिक मवेशियों को शहर के मुख्यमार्गों से अतिक्रमण टीम अमले द्वारा पकड़ने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। उल्लेखनीय है कि इन मवेशियों को शहर में मुख्यमार्ग पुलगांव चौक से नदी ओवरब्रिज तक पकड़ा गया।

सार्वजनिक स्थल बस स्टैंड सहित मुख्य मार्गों में आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगे रहने से यातायात व्यवस्था बाधित होने के साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। सबसे बड़ी समस्या यह थी की आवारा मवेशियों पर वाहनों के हार्न का भी कोई असर नहीं पड़ता था। आवारा मवेशियों की जमावड़ा लगे रहने से शहर की सुंदरता पर भी ग्रहण लग रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए निगम अमले द्वारा कार्रवाही किया जा रहा है। मवेशी पकड़ने के दौरान अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता ने कहा कि शहर के सार्वजनिक स्थलों में विचरण करने वाले आवारा मवेशियों के बारे में जब पूछताछ की जाती है तो पशु पालक अपना मवेशी होने से इंकार कर देते हैं।

# मोखला मांझी मंदिर में जन्माष्टमी से पहले बच्चों को दी गई धार्मिक शिक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

शहर के मोखला मांझी मंदिर में कृष्णजन्माष्टमी के एक दिन पूर्व धार्मिक शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मोखला मांझी मंदिर प्रांगड़ में आयोजित इस कार्यक्रम में शहर के छोटे छोटे भैया व बहिने राधा कृष्ण जी की वेशभूषा में आकर्षक लग रहे थे व कृष्ण भजनों पर नृत्य कर रहे थे।

पूजा जैन व ममता यदु लगातार शहर में छोटे बच्चों को धार्मिक शिक्षा दे रही हैं। वहीं सनातन संस्कृति से जोड़ने के लिए शहर में बाल संस्कार केंद्र चला रही हैं। पूजा जैन ने बच्चों से कहा कि स्वयं का आंकलन कर जितना हो सके ज्ञान अर्जन का जीवन में लक्ष्य रखें और अपने कर्म के प्रति निष्ठावान बने जीवन को सार्थक करें। वहीं, ममता यदु ने गीता सार का उल्लेख करते हुए बच्चों को धर्म के साथ सही राह में चलने की बात कही। उन्होंने श्री कृष्ण जन्म की कथा सभी बच्चों को बताई।

इस अवसर पर कृष्ण जी की वेशभूषा में सजे बच्चों को आकर्षक पुरस्कार दिए गए। साथ ही कार्यक्रम में शामिल बच्चों को गीता ग्रंथ भी भेंट किया गया। इस अवसर पर विहिप जिला मातृशक्ति संस्कार केंद्र प्रमुख पूजा जैन, जिला विहिप उपाध्यक्ष ममता यदु, जिला सेवा मातृशक्ति प्रमुख पुनिता मिश्रा, भारती बांडे, सरोज श्रीवास, सोनकली पटेल, चमेली दीदी, कलीन यादव, मीनाक्षी दीदी व रानी यादव सहित बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।




# प्राथमिक शाला गांधीभाठा में हुए विविध कार्यक्रम

**अंडा।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में शासकीय प्राथमिक शाला गांधीभांठा अंडा में मटका सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने श्रीकृष्ण राधा के परिधान में रास लीला एवं गीतों का प्रदर्शन किया। बस्ता विहीन शनिवार को स्कूली बच्चों को भारतीय संस्कृति से जोड़ने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपासना निर्मलकर, मानसी, सौरभ साहू, शौर्या, नीरज, तनमय के साथ अधिकांश बच्चे राधा कृष्ण के रुप में तैयार होकर स्कूल पहुंचे और अपनी प्रस्तुति दी। पेमिन नागवंशी और प्रेमीन चन्द्राकर ने बच्चों को श्रीकृष्ण के संबंध में जानकारी दी। मटका सजाओ प्रतियोगिता के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ प्रयास को चिन्हित कर पुरस्कृत भी किया जाएगा। इसके साथ ही बच्चों ने कबाड़ से जुगाड़ कर मटके की आकर्षक सजावट की। कार्यक्रम के दौरान चन्द्रहास साहू (प्रधान पाठक), पेमिन नागवंशी, प्रेमीन चन्द्राकर, जामवंत साहू, कुसुमलता यादव, मोनिका साहू, सीता साहू उपस्थित रहे।

## दिनभर चलता रहा पूजा अर्चना का दौर, पारंपरिक तरीके से निभाई रस्में

# कमरछट पर महिलाओं ने की खुशहाली की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

■ शहर के विभिन्न स्थानों पर की गई पूजा-अर्चना

कमरछट पर्व पर दुर्ग शहर में जगह-जगह विविध आयोजन किए गए थे। जहां महिलाओं ने व्रत रखकर परिवार की खुशहाली की कामना के साथ दिनभर पूजा अर्चना में लगे रहे। इस व्रत को लेकर महिलाओं में खास उत्साह देखा गया। सदभावना महिला समिति संयोजिका अलका अग्रवाल, मोहन नगर दुर्ग स्थित श्री शीतला दंतेश्वरी बूढ़ा देव मंदिर समिति एवम महिला समिति आमापरा द्वारा मंदिर प्रांगण मे हलशाष्टी पूजा धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम पुत्र की लंबी आयु की कामना लिए सभी व्रती महिलाएं सात्विक भाव से हलधर भगवान श्री बलराम के जन्मोत्सव को श्रद्धा पूर्वक मनाने कुमार भुइयां (बिना हल जुताई) से एकत्र पसहर चावल एवं छह प्रकार के पंचमिंझरा भाजी, मिर्च सहित लाई, महुआ, कुश के पौधे, भैंस के दूध, दही, घी को पीतल के बर्तन एवं पत्तल दोना में लेकर पीतल के पात्र में ही जल लेकर शीतला मंदिर प्रांगण मे बनाए गए तालाब एवम्‌ पैठू के प्रतीकात्मक कुंड के चारो तरफ एकत्र होकर विधि विधान से पूजन किए। पुजारी पं. जय मिश्रा द्वारा हलशाष्ठी व्रत का महात्यम बताया। परंपरानुसार विधि विधान से सामूहिक पूजन वैदिक मंत्रोच्चार एव कथा वाचन कर सम्पन्न कराया। अल्का अग्रवाल, मेनका अग्रवाल, सुषमा अग्रवाल, चंद्रिका वाशिंग, लीना धुर्वे, कांति , सरला जायसवाल, राधा मलिक, राधा सोनी, खुशबू ताम्रकार, सहित बड़ी संख्या मे व्रती महिलाए मौजूद थीं।



### बच्चों को बांटे खिलौने व प्रसादी

पुत्रों की लंबी आयु की कामना से उपवास रहकर सभी महिलाओं ने पूजन पश्चात अपने बच्चों के पीठ में छह नए कपड़े की टुकड़ों से बने पोती को जल कुंड के पानी से भिगोकर भगवान बलभद्र के आशीर्वाद स्वरूप कंधे मै पोती थपकी देकर आशीर्वाद दिया। एव बच्चो में प्रसाद एव खिलौना वितरण किया।



दुर्ग। आज शहर में हलषष्ठी धूमधाम से मनाया गया। शहर के कई स्थानों पर माताओं ने सगरी की पूजा की। रेलवे स्टेशन के सामने आमदी मंदिर में हलषष्ठी की पूजा की गई। महिलाओं ने पूजा अर्चना कर अपने संतान की दीघायु व सुखमय जीवन की कामना लेकर व्रत किया।

# एंटी रैगिंग पोस्टर स्पर्धा में सृष्टि जलकारे प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग




शासकीय वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में एंट्री रैगिंग सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत निबंध, पोस्टर, स्लोगन इत्यादि प्रतियोगिताओं द्वारा छात्राओं को जागरूक किया गया।

महाविद्यालयीन स्तर पर आयोजित इस पोस्टर प्रतियोगिता में एमएससी प्राणी शास्त्र की तृतीय सेमेस्टर में अध्यनरत सृष्टि जलकारे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एंटी रैगिंग के विषय मे बनाया गया उनकी पोस्टर को निर्णयाको द्वारा सराहा गया। जबकि दूसरे स्थान पर संचिता यादव बीएससी माइक्रोबायोलॉजी एवं तृतीय स्थान पर रेनू बंजारे बीकॉम प्रथम सेमेस्टर रही। सृष्टि जलकारे पूर्व पार्षद एवं पूर्व महापौर परिषद के सदस्यश विजय जलकारे की सुपुत्री है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डीसी अग्रवाल कार्यक्रम की संयोजक डॉ मीनाक्षी अग्रवाल एवं सदस्य सुषमा यादव तथा डॉक्टर लता मेश्राम की प्रमुख भूमिका रही।

## खबर संक्षेप



### धानापुरी में माताओं ने श्रद्धा से मनाया हलषष्ठी पर्व

**गुरूर।** ग्राम धानापुरी में माताओं द्वारा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पर्वों में से एक पर्व कमरछठ रविवार को मनाया गया। जहां माताएं अपनी संतान की लंबी उम्र एवं सुख–समृद्धि के लिए हलषष्ठी माता की पूजा–अर्चना की। ग्राम की माताओं ने बताया कि हलषष्ठी पर्व को भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलदाऊ के जन्मोत्सव के रूप में मनाने की परंपरा है।

### भरदा में बिहान समूह का खाद व दवा विक्रय केंद्र शुरू



**गुरूर।** ग्राम भरदा में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत आंचल महिला संकुल संगठन भरदा द्वारा संवहनीय कृषि कस्टम हायरिंग सेंटर एवं जैविक खाद, दवाई विक्रय केन्द्र का आरंभ प्रगति महिला ग्राम संगठन डढ़ारी द्वारा किया गया है। इसके अंतर्गत किराए पर वाटर पंप, रिपर, पावर स्पेयर संगठन द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें अध्यक्ष बिन्दू बाई, कृषि मित्र शेषकुमारी साहू, सचिव नेहा साहू हैं।

### गणेशोत्सव 7 से तैयारियां जोरों पर



**अंडा।** अंचल में गणेश उत्सव को लेकर मूर्तिकार गणेश की मूर्तियां बनाने की शुरूआत महीनों पहले से कर चुके हैं। अब इनको अंतिम रूप देने में जुटे हैं। यही, नहीं, पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए भी प्रतिमाओं का निर्माण किया जा रहा है। जिले के मिट्टी कलाकारों को अन्य जिले से भी आर्डर मिल रहे हैं। वहीं गणेशोत्सव समितियों के द्वारा भी आर्डर दिए जा रहे हैं। दुर्ग ग्रामीण में जगह-जगह मूर्तियों का निर्माण किया जा रहा है। 200 रुपए से लेकर 25 हजार रुपए तक की मूर्तियां बनाई जा रही हैं। ग्राम कुथरेल निवासी युवा उमेश साहू मूर्तिकार लगभग 15 वर्षों से अपनी कला का प्रतिभा निखार रहा है साथ ही अपने साथ कई युवाओं को मूर्ति बनाने का काम भी सिखाया जा रहा है। भगवान गणेश की मूर्ति के साथ साथ माँ दुर्गा, विश्कर्मा, कृष्ण, शंकर जी सहित अन्य मूर्तियां बनाई जाती हैं। ग्राम कुथरेल के मूर्तिकार उमेश साहू ने बताया कि वे छोटे आकार की मूर्तियां बनाते हैं। अलग अलग गांव से भी के आर्डर आ रहे हैं। उमेश साहू ने बताया कि इस बार अच्छे आर्डर मिल रहे हैं। आस-पास के गांव से लोग मूर्तियां देखने व खरीदने के लिए पहुंच रहे हैं। मूर्तिकार ने बताया कि मूर्ति बनाने में मिट्टी के साथ पट्टे, बांस, पैरा, रंग का उपयोग होता है। इन सभी के रेट बढ़ गए हैं। जिससे मूर्ति की लागत बढ़ जाती है। मूर्ति के साथ-साथ सजावटी सामग्री और वस्त्रों के रेट में भी वृद्धि हुई है।

## परेशानी : सड़क दुर्घटना में घायलों को लाने के लिए पहुंचने में लग रहा समय

# रेफर किए गए मरीजों को लाने-ले जाने में ही व्यस्त रहती है जिले की एंबुलेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के सभी 15 संजीवनी 108 एम्बुलेंस मरीजों को एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल में रिफर करने में व्यस्त हैं। इसका मुख्य कारण जिले के अस्पतालों से मरीजों को बेहतर इलाज के लिए अन्य अस्पतालों में रिफर किया जाना है। इससे ऐसा लग रहा है कि जिले के अस्पताल सिर्फ रेफर सेंटर बन कर रह गया है। यही कारण है कि मरीजों को बीमारियों के इलाज के लिए एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल या हायर सेंटर राजनांदगांव रिफर होना पड़ रहा है।

■ एम्बुंस की समय पर सेवा नहीं मिलने से बढ़ी परेशानी

मरीजों को रिफर करने व अस्पताल में भर्ती कराने तक एम्बुलेंस को घंटों का समय लग जाता है। ऐसे में जिले में कहीं पर भी सड़क दुर्घटना या अन्य घटनाएं होती है, तो एम्बुलेंस समय पर बहुत कम पहुंच पाती है, जिसका खामियाजा घायलों को भुगतना पड़ता है। जब एम्बुलेंस समय पर नहीं पहुंच पाती तो आम जनता एम्बुलेंस के कर्मचारियों पर ठीकरा फोड़ते नजर आते हैं। वहीं उनकी कार्यशैली पर भी कई सवाल खड़े करते हैं, जबकि दूसरी ओर जिले में स्थित तमाम शासकीय अस्पतालों से रोजाना कई मरीजों को रिफर करते हैं। कई बार ऐसा भी होता है जब महतारी 102 एक्सप्रेस वाहन समय पर उपस्थित नहीं होने पर गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए संजीवनी 108 एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया जाता है।




### 20 दिनों में 300 से अधिक मरीज रेफर

जिले में 15 संजीवनी एंबुलेंस वाहन है, जो रोजाना गांवों से बीमार मरीजों को अस्पताल पहुंचाने और फिर उसे एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल तक ले जाने के बाद जिला अस्पताल में उपचार नहीं होने की स्थिति में हायर सेंटर राजनांदगांव रिफर किया जाता है। जानकारी के अनुसार बीते करीब 20–22 दिनों में 300 से अधिक मरीजों को रिफर किया जा चुका है, यह आंकड़ा काफी बड़ा है।

### अधिकारी नहीं दे पाए जवाब

इस मामले में जिला अस्पताल सिविल सर्जन डॉक्टर श्रीमाली ने कहा कि इसके बारे में सीएमएचओ ही बता पाएंगे, क्योंकि ओव्हरआल वही देखते हैं। वहीं जिले के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर सूर्यवंशी से संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी दादी प्रकाशमणि को दी गई श्रद्धांजलि




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी दादी प्रकाशमणि जी का 17 वां स्मृति दिवस विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें ब्रह्माकुमारी बहनें व सभी भाई बहनों ने मिलकर श्रध्दांजलि दी।

■ प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में हुआ कार्यक्रम

इस अवसर पर मुख्य संचालिका राजयोगिनी बीके. विजयलक्ष्मी दीदी ने कहा कि सृष्टि रंगमंच पर कुछ ऐसी महान विभूतियां जन्म लेती है जिन पर भगवान भी नाज करते है। जब कोई नारी किसी सत्ता, संगठन की कमान संभालती है तो उसे कैसे विश्व पटल पर रेखांकित कर देती है, इसकी साक्षात प्रतिमूर्ति थीं ब्रह्माकुमारीज संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणी जी।

उन्होंने बताया कि दादी जी एक ऐसी विदुषी नारी थीं, जिन्होंने यह सिध्द किया कि शांति स्वरूपा नारी महान सामाजिक क्रांति की नायिका बन सकती है। दादी जी ने अपने नेतृत्व में लाखों भाई–बहनों के जीवन में अद्भुत परिवर्तन लाकर उन्हें विश्व सेवा के लिए प्रेरित किया। संस्था की सेवाओं को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1987 में एक अंतर्राष्ट्रीय तथा पांच राष्ट्रीय स्तर के 'शांतिदूत' पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

## शासकीय विद्यालय दुपचेरा में लगा नेत्र जांच शिविर

नेत्रदान पखवाड़ा के तहत आयोजित कार्यक्रम में लोगों को किया गया जागरूक



**गुरूर।** जिला अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यकम के अंतर्गत जिला बालोद के समस्त विकासखण्ड में नेत्रदान पखवाड़ा के अंतर्गत जन जागरूकता शिविर एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन पूर्व माध्यमिक शाला में दुपचेरा किया गया।

पखवाड़ा में शालेय छात्र-छात्राओं द्वारा जनजागरूकता रैली, स्वास्थ्य शिक्षा एवं नेत्रदान के लिए व्यापक रूप से प्रचार प्रसार किया गया। शिविर में मुख्यतः मोतियाबिन्द, कार्निया, ओपीसीटी, कांचिया बिन्दू, डाय बेटिक, रेटिनोपैथी बच्चों में होने वाली नेत्र संक्रमण के मरीजों को चिन्हांकित कर इलाज किया जाएगा। इस दौरान जिला अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण के सहायक जिला नोडल अधिकारी एके सिन्हा ने बताया कि जांच के दौरान उपस्थित गंभीर मरीजों को उच्च संस्थान में रिफर किया जाएगा। मोतियाबिन्द के मरीजों का ऑपरेशन जिला चिकित्सालय बालोद एवं गैर सरकारी संस्थान में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नेत्रदान मुख्यतः कार्निया बाधित मरीजों को चिन्हांकित कर उनका पंजीयन किया जाता है, जिसके लिये मरीजों को जांच हेतु चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर भेजा जाता है।

संपूर्ण जांच के बाद लायक मरीजों का पंजीयन किया जाता है, नेत्रदान कोई भी उम्र में किया जा सकता है, जिनका कार्निया स्वच्छ हो, कैंसर, टीबी, ब्लड शुगर, डूबकर अथवा जलने के कारण मौत होने पर उक्त व्यक्ति का नेत्र मरणोपरांत नेत्रदान के लायक नहीं होता। जिलाधीश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम सूर्यवंशी, जिला नोडल अधिकारी डॉ एके मिश्रा, सहायक जिला नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा के निर्देश एवं मार्गदर्शन में नेत्रदान पखवाड़ा का आयोजन किया गया। शिविर में नेत्र सहायक अधिकारियों द्वारा नेत्र परीक्षण किया गया।

## जन्माष्टमी आज होंगे विविध कार्यक्रम



**दल्लीराजहरा।** धार्मिक नगरी दल्लीराजहरा में जन्माष्टमी पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। मुख्य चौराहों और बीएसपी स्कूल नंबर 6 के समीप मैदान में जन्माष्टमी पर्व को लेकर पूर्ण तैयारियां अंतिम चरण पर है। विभिन्न मंदिरों को सजाया जा रहा है, और लोग भव्य झाँकियों की व्यवस्था कर रहे हैं। घरों में विशेष पकवान बनाए जा रहे हैं, जैसे माखन-मिश्री, पंचामृत, और विभिन्न प्रकार के प्रसाद कृष्ण भक्त उपवास और रात्रि जागरण की तैयारी कर रहे हैं। मंदिरों में विशेष पूजन और भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया जा रहा है। दही-हांडी का आयोजन भी कई स्थानों पर किया जाएगा, जिसमें युवा उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। दल्लीराजहरा क्षेत्र में इस पर्व को लेकर सभी के बीच भारी उत्साह देखा जा रहा है, और लोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर इस त्योहार को मनाने के लिए तैयार हैं।

## झलमला में बना यात्री प्रतीक्षालय जर्जर गंदगी ने भी बढ़ाई यात्रियों की परेशानी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय से लगे ग्राम झलमला में बना यात्री प्रतीक्षालय जीर्ण शीर्ण नजर आने लगा है, जहाँ यात्रियों के बैठने के लिए पर्याप्त कुर्सी भी नहीं है। वहीं, पीछे फैली गंदगी के कारण यात्री प्रतीक्षालय में बैठने से कतराने लगे हैं। झलमला चौक पर यात्रियों को बस का इंतजार करने के लिए छांव और बैठने की सुविधा मिल सके, इन सब सुविधाओं को ध्यान में रखकर यात्री प्रतीक्षालय की व्यवस्था की गई थी। लेकिन आसमाजिक तत्वों ने उन्हें बर्बाद कर दिया। इसके कारण यात्री प्रतीक्षालय बदहाल नजर आने लगा है। यहाँ लगी कुर्सियों को भी आसमाजिक तत्वों ने उखाड़ फेंका है, जिसके कारण यात्रियों को बैठने तक की सुविधा नहीं मिल पा रही है। वहीं, लोगों द्वारा ग़ुटखा खाकर थूकने से फर्शी भी गंदी हो गई है।

■ बस स्टैंड में यात्रियों के बैठने के लिए पर्याप्त कुर्सी भी नहीं

### प्रतीक्षालय के पीछे गंदगी

झलमला यात्री प्रतीक्षालय के पीछे गंदगी फैली हुई है, जिसके कारण यात्री प्रतीक्षालय में बैठने से कतराने लगे हैं। यदि गंदगी की सफाई नहीं की गई, तो छोटे दुकानदार जो पसरा लगाकर दुकानदारी करते हैं, उन्हें भी दुकान लगाने के लिए सोचना पड़ेगा, क्योंकि खुले में पड़ा कचरा और प्रसाधन कक्ष की बदबू से राहगीर और आसपास के दुकानदार भी परेशान हैं।

## शारीरिक और मानसिक मजबूती से हमारे भीतर आता है आत्म विश्वास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

विधायक कुंवर सिंह निषाद रविवार को ग्राम कचांदुर में सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय कचांदुर द्वारा आयोजित जिला स्तरीय खेलकूद बौद्धिक एवं प्रश्न मंच प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरित किए।

■ सरस्वती शिशु मंदिर कचांदुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक कुंवरसिंह

विधायक निषाद ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताओं में जाकर बच्चा किसी प्रशिक्षक को अपना गुरू स्वीकार करता है, जो उसके अंदर अनुशासन और शिष्टाचार की भावना को भरते हैं। शारीरिक और मानसिक मजबूती से उसके भीतर आत्म विश्वास आता है। वह देश और समाज का एक जिम्मेदार नागरिक बनता है हमे उनसे जूझने के लिए शारीरिक और मानसिक तौर पर संस्कारी युवाओं की जरूरत होती है।



विधायक ने आगे कहा कि इस प्रकार के आयोजन से गांवों में छिपी प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलता है। खेल से न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास भी होता है। खेल जीवन का अभिन्न अंग है, खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। उन्होंने बच्चों को एक लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढने, खेलों के साथ शिक्षा में भी रुचि लेकर क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया है।

इस अवसर पर सोना देवी देशलहरा, अध्यक्ष जिला पंचायत तारिणी चंद्राकर, सदस्य जनपद पंचायत संतोष चंद्राकर, खिलेंद्र साहू, तरुण पारकर, सागर साहू, रिजवान तिगाला, पूनम साहू, अभिषेक यादव, केशव साहू, हेमंत साहू, विष्णु साहू, जयपाल साहू, शेखर साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## आदिवासी समाज ने आरक्षण में वर्गीकरण का किया विरोध

### मोहला में गोण्डवाना महासभा मोहला की संभागीय बैठक में विभिन्न विषयों पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी जिले के गोण्डवाना भवन मोहला में गोण्डवाना महासभा मोहला की संभागीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में गोण्डवाना महासभा मोहला के बायलॉज निर्माण करने तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में जिले से बड़ी संख्या सदस्य व पदाधिकारी भी सम्मिलित हुए।



बैठक में गोण्ड समाज के संभागीय अध्यक्ष नरेन्द्र नेताम, संरक्षक हीरेसिंह घावड़े एवं मोहन हिड़को सहित पूर्व संभागीय अध्यक्ष सुरेश दुग्गा, संभागीय कोषाध्यक्ष तुलसी राम मरकाम, अधिकारी–कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष चंद्रेश ठाकुर, संभागीय सचिव कुमार कोरेटी, कार्यकारिणी सदस्य एवं सर्व आदिवासी समाज जिला बालोद के अध्यक्ष तुकाराम कोर्राम के अलावा ब्लॉक अध्यक्ष सर्व गोविंद टेकाम, मानसाय बोगा, दिनेश कोरेटी, बाबूराव हिड़को, छबिलाल वट्टी, आत्माराम कवड़ो के अलावा मोहन सिंह हिड़को, पदुम सिंह तोप्पा, अधिकारी–कर्मचारी प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष मन्ने मण्डावी, सचिव पुरूषोत्तम मण्डावी, कोषाध्यक्ष लखन सोरी, संजय तारम सहित अन्य समाज प्रमुखगण उपस्थित थे। बैठक में समाज प्रमुखों के द्वारा सुप्रीम कोर्ट द्वारा आरक्षण के विषय को लेकर आदिवासी समाज के लिए वर्गीकरण के निर्णय का विरोध करते हुए इस निर्णय को वंचित समाज के हितों पर कुठाराघात बताया।

समाज प्रमुखों ने सर्वसम्मति से इस निर्णय का पुरजोर विरोध करने की बात भी कही। इस अवसर पर सामाजिक पदाधिकारियों ने समाज के प्रमुख पदाधिकारी तुकाराम कोर्राम के सर्व आदिवासी समाज के जिला बालोद के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए हर्ष व्यक्त किया।




## बोडरा धनेली में धूमधाम से मनाई गई सद्गुरू सदाफल देव महाराज की जयंती




**गुरूर।** ग्राम बोडरा धनेली में सद्गुरू सदाफल देव महराज की 137वीं जयंती 24 व 25 अगस्त तक मनाई गई। पहले दिन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर तोषण लाल साहू ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य पूर्व पेशनर समाज अध्यक्ष नेमसिंह साहू ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व प्राचार्य तेजस्वी, वक्ता स्वरवेदी रायपुर आश्रम सत्येन्द्र कुमार, पूर्व तहसीलदार एलएम साहू उपस्थित थे। 25 अगस्त को समापन कार्यक्रम में विश्व शांति वैदिक महायज्ञ 5 कुंण्डीय आगत संतों द्वारा प्रवचन में उपदेष्ठा रैनी देहारी, कुंती बाई, सेवती बाई उपस्थित थे। कार्यक्रम में घनश्याम साहू, लोमश कुमार साहू, कृष्णा बघेल, कुमार सिंह पीताम्बर साहू, जिला संयोजक मुकेश साहू उपस्थित थे।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### अखिल भारतीय उड़िया समाज के तांडी बने प्रदेशाध्यक्ष

भिलाई। अखिल भारतीय उड़िया समाज की बैठक शुक्रवार को सुपेला में संपन्न हुई। जिसमें समाज के सभी पदाधिकारी मौजूद थे। इस दौरान समाज में नए प्रदेश अध्यक्ष को लेकर चर्चा हुई। जिसमें जेएम तांडी को समाज का प्रदेश अध्यक्ष बनाने समाज के लोगों ने निर्णय लिया। सभी एक होकर जेएम तांडी को समाज का नया अध्यक्ष निर्वाचित किया। बैठक में राजेन्द्र नाग, अर्जुन कुमार, दीनबंधु तांडी, तरुण निहाल, दया निधि बिभार, रतन तांडी, आशीष नंदा ,अर्जुन बिभार, शंकर निहाल,संजय सोनवानी, धर्मेन्द्र सिक्का, लखपति सोना मौजूद थे। नियुक्त के बाद जेएम तांडी ने कहा कि कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी।

### मनवा-कुर्मी समाज ने पूर्व सीएम को किया सम्मानित



भिलाई। मनवा-कुर्मी क्षत्रिय समाज और धर्मशाला समिति ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सम्मानित किया। समिति के प्रतिनिधि भिलाई-तीन स्थित बघेल के निवास पहुंचे, जहां पुष्पगुच्छ और प्रतीक चिन्ह भेंटकर बघेल को सम्मानित किया गया। समिति सदस्यों ने कहा कि राज्य में छत्तीसगढ़ी संस्कृति तथा ग्रामीण पारंपरिक खेलकूदों को पुनर्जीवित करने वाले भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ के पहले मुख्यमंत्री के रूप में याद किए जाएंगे। वर्तमान में वे पाटन विधायक भी हैं। दुर्ग नगर इकाई अध्यक्ष रोशन वर्मा तथा धर्मशाला समिति के अध्यक्ष धरम पाल वर्मा के नेतृत्व में समाज के लोगों ने भूपेश बघेल से मुलाकात की। उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर भूपेंद्र कुमार वर्मा, गजानंद वर्मा, कौशल वर्मा, अरुण बघेल, हिम्मत राम वर्मा, डॉ. डीके मंडरिक, खड़ानंद वर्मा, परगनिहा, कालिंद्री नायक, साहित्यकार परदेशीराम वर्मा सहित अन्य मौजूद थे। समाज के लोगों ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री से सामाजिक विषयों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

### संयंत्र और व्यापारियों में संवाद के लिए समारोह



भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सामग्री प्रबंधन विभाग द्वारा अपने स्थानीय विक्रेताओं के लिए मिलन समारोह का आयोजन भिलाई क्लब में किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता थे। कार्यक्रम में स्थानीय विक्रेताओं के लगभग 60 प्रतिनिधि शामिल हुए। इस मिलन समारोह के आयोजन का उद्देश्य स्थानीय विक्रेताओं को एक मंच उपलब्ध कराने के साथ-साथ संयंत्र और विक्रेताओं के मध्य संवाद के अवसर उपलब्ध कराना है। जिससे आपसी सहभागिता के द्वारा सम्बन्धों को सुदृढ़ बनाकर क्षेत्र के विकास को गति प्रदान की जा सके। बीएसपी के अधिकारी अंजनी कुमार, एस मुखोपाध्याय, पवन कुमार, एके चक्रवर्ती, बीके गिरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एम रविंद्रनाथ मौजूद थे। केसी मिश्रा ने कहा कि इस प्रकार के समारोह एक कड़ी का काम करते हैं, जो विक्रेताओं को संयंत्र से जोड़ने तथा परस्पर लाभ की दिशा में एक सार्थक प्रयास सिद्ध होते हैं।

## आयोजन : अंचल में श्रद्धा के साथ मनाया गया हलषष्ठी पर्व

# महिलाओं ने पूजा-अर्चना कर मांगी बच्चों की लंबी आयु









### सुभाष कॉलोनी में महिलाओं ने की हलषष्ठी की पूजा

गुरूर। नगर के सुभाष कॉलोनी में संतानों के अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना के लिए कमरछठ पर्व पर माताएं निर्जला उपवास कर पूजा अर्चना की। इस दौरान माताओं ने सामूहिक रूप से हलषष्ठी पूजा के साथ ही कहानी का भी श्रवण किया।

### बागतराई में महिलाओं ने रखा हलषष्ठी व्रत

गुरूर। संतान की लंबी उम्र के लिए नगर सहित ग्रामीण अंचलों में शनिवार को माताओं ने कमरछठ का व्रत रखा। ग्राम बागतराई में माताओं ने कमर छठ पर्व पर निर्जला उपवास व सगरी बनाकर पूजा अर्चना की।

### देवरी में महिलाओं ने की हलषष्ठी पूजा

देवरी बंगला। भादपद माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी को यह पर्व भगवान श्रीकृष्ण के ज्येष्ठ भ्राता श्री बलरामजी का जन्मोत्सव शनिवार को हलषष्ठी के रूप में मनाया गया। इस दिन महिलाओं ने उपवास रखा और पूजा-अर्चना कर हलषष्ठी की कथा का श्रवण किया और संतान की दीर्घायु की कामना की। ग्राम देवरी के वार्ड नंबर 8 और 12 से 18 तक की महिलाओं ने सरपंच डोमेश्वरी मंडावी के घर के सामने सगरी बनाकर विधिविधान से पूजा-अर्चना की। उसके बाद पसहर चावल और 6 प्रकार की भाजी खाकर व्रत तोड़ा।

### कुसुमकसा की महिलाओं ने रखा हलषष्ठी व्रत



कुसुमकसा। संतान की दीर्घायु की कामना लेकर महिलाओं द्वारा रखा जाने वाला पर्व हलषष्ठी शनिवार को अंचल में हर्षोल्लास से मनाया गया। स्थानीय शिव मंदिर प्रांगण में सगरी खोद कर भगवान शंकर एवं गौरी गणेश को की पूजा-अर्चना कर बच्चों की लंबी उम्र की कामना की गई। इस दौरान पसहर चावल,भैंस का दूध, दही, घी, बेलपत्ती, काशी, खमार, बांटी, भौंरा सहित अन्य सामग्रियां अर्पित की गई। शिव मंदिर के पुजारी लखनगिरि गोस्वामी ने विधि विधान से हल्षष्ठी माता का पूजन कराया। पूजा के बाद महिलाओं ने कथा सुनी। उसके बाद माताओं ने अपने संतान की पीठ पर हल्दी से भीगा हुआ पोता मारा, जिसे रक्षा कवच का प्रतीक माना जाता है। पूजा-अर्चना के बाद माताओं ने घर पर बिना हल के उपजे अनाज पसहर चावल, 6 प्रकार की भाजी भैंस के दूध की दही के साथ प्रसाद ग्रहण कर अपना उपवास तोड़ा।

### रेंगाडबरी की महिलाओं ने रखा कमरछठ व्रत





डौण्डीलोहारा। वनांचल के ग्राम रेंगाडबरी में बच्चों की दीर्घायु के लिए सुहागिन महिलाओं ने कमरछठ का व्रत रखा। शंकर भगवान एवं पार्वती की मूर्ति स्थापित कर सगरी में जल अर्पित किया गया तथा भैंस का दूध, दही, घी एवं लाई, चना, गेहूं, महुआ, नारियल को पूजा में शामिल किया गया। रेंगाडबरी निवासी नेमन साहू ने बताया कि बजरंग नगर में पं. लोचन प्रसाद शर्मा ने कमरछठ पूजा कर हलषष्ठी माता की कहानी सुनाई। इसी तरह बाजार चौक हनुमान मंदिर के पास पं. मिथुन शर्मा ने कमरछठ का पूजा पाठ कर कहानी सुनाई। पूजा के बाद महिलाओं ने लाई, चना, गेहूं, महुआ व नारियल का प्रसाद वितरण किया।





### हरतालिका तीज व हलषष्ठी पर महिलाओं ने की पूजा

दल्लीराजहरा। हरतालिका तीज व्रत का महत्व संतान की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए विशेष रूप से माना जाता है। यह व्रत महिलाएं अपने पति और संतान की लंबी उम्र और सुख-शांति के लिए करती हैं। माताओं ने माता पार्वती और भगवान शिव की मूर्तियों को स्थापित कर उनकी विधि-विधान से पूजा की जाती है। वार्ड नंबर 2 रामनगर चौक पंडर दल्ली में रंजना निर्मलकर के नेतृत्व में महिलाओं ने उपवास रहकर पूजा अर्चना की। गणेश चौक में द्रोपती साहू के साथ लगभग 50 महिलाओं ने भी उपवास रहकर पूजा अर्चना की, तो वहीं देवी स्कूल शिव मंदिर के पास वार्ड नंबर 9 में श्रुति यादव और वार्ड की महिलाओं ने हरछठी व्रत की पूजा अर्चना कर अपने बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य और लंबी आयु की कामना की।

## भालूकोन्हा में माताओं ने की हलषष्ठी पर पूजा, मांगी बच्चों की लंबी आयु



डौंडीलोहारा। नगर के समीप के ग्राम भालूकोन्हा में महिलाओं ने पारंपरिक त्यौहार कमरछठ शनिवार को मनाया। इस मौके पर माताओं ने अपने बच्चों की लंबी उम्र के लिए दिनभर उपवास रखा। इस दौरान लाई, पसहर, महुआ, दूध-दही आदि का भोग लगाकर सगरी की पूजा की। मोहल्लों और मंदिरों में मां हलषष्ठी की कथा पढ़ी और सुनी गई। शनिवार को इस पर्व पर माताओं ने सुबह से महुआ पेड़ की डाली का दातून कर, स्नान कर व्रत धारण किया। दोपहर बाद घर के आंगन और मंदिरों में सगरी बनाई गई। इसमें पानी भरा गया। मान्यता है कि पानी जीवन का प्रतीक है। बेर, पलाश, गूलर आदि पेड़ों की टहनियों और काशी के फूलों से सगरी की सजावट की गई। इसके सामने गौरी-गणेश, मिट्टी से बनी हलषष्ठी माता की प्रतिमा और कलश की स्थापना कर पूजा की गई। साड़ी समेत सुहाग के दूसरी चीजें भी माता को समर्पित की गई। इसके बाद हलषष्ठी माता की 6 कथाएं पढ़ी और सुनाई गईं। पूजा के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया व पंडित को यथा सम्भव दान किया गया।

## विधायक कुंवरसिंह ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण...



गुण्डरदेही। विधायक कुंवर सिंह निषाद देवरी ब्लॉक के ग्राम सुरसुली (नर्मदा धाम) में 19 .39 लाख से बनने वाले सर्व समाज सामुदायिक भवन राशि का लोकार्पण किया। इसी तरह सामुदायिक भवन निर्माण निषाद पारा राशि 5 लाख, गली सीमेंटीकरण स्वीकृत राशि 10 लाख, सर्व सामुदायिक भवन में बोरखनन स्वीकृत राशि 1.25 लाख का भूमिपूजन किया।

## पौधे लगाने के साथ ही उनकी सुरक्षा भी जरूरी



डौंडीलोहारा। जन अधिकार मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रदेश उपाध्यक्ष टी.आर साहू ने कहा है कि इस बरसात के मौसम में युध्दस्तर पर जगह-जगह पौधारोपण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रत्येक व्यक्ति से कम से कम एक पौधा लगाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत जिन लोगों ने पौधारोपण किया है या जो करने वाले हैं, उनसे आग्रह है कि पौधारोपण करने के बाद उनकी सुरक्षा एवं देख रेख गइ उचित व्यवस्था अवश्य करें। ताकि लगाए गए पौधे बिना पेड़ बन सकें।



## विद्यार्थियों ने पौधों को बांधी राखी



गुरूर। शासकीय हाई स्कूल जगतरा में विद्यार्थियों ने स्वयं द्वारा लगाए गए पौधों को राखी बांधी और उनकी सुरक्षा का संकल्प लेकर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया। यह कार्यक्रम पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता लाने के उद्देश्य से शाला के युवा एवं इको क्लब व रेडक्रास संगठन के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधने के बाद संस्था के सभी विद्यार्थियों और व्याख्याताओं ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली।

## राजापारा की महिलाओं ने की बच्चों की लंबी उम्र की कामना



डौंडीलोहारा। स्थानीय राजापारा की महिलाओं ने शनिवार को हलषष्ठी पर्व पर व्रत रखकर सगरी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर संतानों के लिए सुख समृद्धि व लंबी उम्र की कामना की। पूजा अर्चना में भैंस के दूध, दही व घी का भोग लगाया, दोना में लाई, महुआ,भूना हुआ चना,राहर,मूंग,उड़द व पसहर चावल से बना पकवान व बिना हल जुते हुए 6 प्रकार के भाजी की सब्जी चढ़ाई गई।

**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**

तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732

वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज

चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर

पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना

बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना

पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी

स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट

बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

## वीर मेला राजा राव पठार करेंझर समिति के अध्यक्ष बने उमेदी राम

गुरूर। वीर मेला राजा राव पठार करेंझर में वीर मेला आयोजन समिति राजा राव पठार करेंझर का कार्यकाल 3 वर्ष पूर्ण होने के बाद नियमावली के अनुसार नवीन कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया।

प्रदेश से पर्यवेक्षक के रूप में छत्तीसगढ़ गोंडवाना गोंड़ महासभा प्रदेश अध्यक्ष अकबर राम कोर्राम, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज बीएस रावटे के निर्देशन में सर्वसम्मति से पुनर्गठन मनोनयन किया गया। पदाधिकरियों में अध्यक्ष पद पर उमेदी राम गंगराले, कार्यकारी अध्यक्ष ब्रह्मानंद नेताम, महासचिव कृष्ण कुमार ठाकुर, कोषाध्यक्ष महेश कुमार रावटे, उपाध्यक्ष बलराम गोटी, उपाध्यक्ष कमल नारायण ध्रुव, गौतम कुंजाम, सचिव उदय नेताम, महेंद्र सिंह गावड़े, शैलेंद्र कुमार सोरी, सांस्कृतिक सचिव वोमेश गंगराले, सांस्कृतिक सचिव शिव प्रसाद कोर्राम, सांस्कृतिक सचिव रवि लाल नायक, अंकेक्षक एचके कुंजाम, मीडिया प्रभारी समीर धुरवा, मीडिया प्रभारी रामेश्वर मरकाम, मीडिया प्रभारी देवराम ठाकुर, विधिक सलाहकार विनोद कुमार नागवंशी, युवा प्रभाग अध्यक्ष दुष्यंत कुमार नागवंशी, महिला प्रभाग अध्यक्ष मंजू प्रभाकर को बनाया गया है।

**एजेन्सी देना है...**

हरिभूमि समाचार पत्र को बालोद जिले के अंतर्गत **अर्जुन्दा** में एजेंसी देना है।

समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।

हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय, बालोद
सरदार पटेल मैदान के पास
जवाहरपारा बालोद
मो. 8319268069, 9425565082

हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, टिकरापारा
रायपुर (छ.ग.)
8370049468

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से
10 नवम्बर से 16 नवम्बर 2024, 07 जून से 13 जून 2025
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

**माता वैष्णव देवी**
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)

राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+ 5% GST)

छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
Since-2007
**श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा**
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411